# मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः28.06.2026

*थाना अदलहाट पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग में सम्बन्धित 01 अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी की गयी सम्पूर्ण धनराशि 02 लाख 62 हजार रुपये , सोने व चादी के आभूषण बरामद —*

थाना अदलहाट, जनपद मीरजापुर पर दिनांकः 27.06.2026 को वादी दशरथ विश्वकर्मा पुत्र स्व0 झिग्गू निवासी कसरहटी बाजार अहरौरा थाना अहरौरा जनपद मीरजापुर द्वारा अज्ञात अभियुक्त के विरूद्ध टैम्पु में वादी का पैसा व आभूषण चोरी के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी । उक्त के सम्बन्ध में लिखित तहरीर के आधार पर थाना अदलहाट पर मु0अ0सं0-145/2026 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई ।

अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए चोरी की घटना से सम्बन्धित बरामदगी व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी चुनार के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक अदलहाट को निर्देश दिए गए । उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना अदलहाट पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांकः28.06.2026 को प्रभारी निरीक्षक अदलहाट मय पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित प्रकाश में आयें अभियुक्त कमलेश चौहान पुत्र स्व0 सुरेश चौहन निवासी जमुडी थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर को थाना अदलहाट क्षेत्रांतर्गत फतेपुर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से उपरोक्त चोरी की घटना से सम्बन्धित सम्पूर्ण धनराधि 02 लाख 62 हजार रुपये व आभूषण बरामद किया गया । थाना अदलहाट पुलिस द्वारा नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को मा0न्यायालय/जेल भेजा गया ।

*नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त —*

कमलेश चौहान पुत्र स्व0 सुरेश चौहन निवासी जमुडी थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर, उम्र 37 वर्ष ।

*पंजीकृत अभियोग —*

मु0अ0सं0-145/2026 धारा 303(2),317(2) बीएनएस थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर ।

*आपराधिक इतिहास अभियुक्त –*

1. मु0अ0सं0- 70/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना जमालपुर जनपद मीरजापुर ।
2. मु0अ0सं0- 194/2017 धारा 34,307 भादवि थाना रामनगर जनपद वाराणसी ।
3. मु0अ0सं0-195/2017 धारा 41,411,414 भादवि थाना रामनगर जनपद वाराणसी ।
4. मु0अ0सं0- 198/2017 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना रामनगर जनपद वाराणसी ।
5. मु0अ0सं0- 246/2017 धारा 3(1) उ0प्र0 गैगस्टर एक्ट थाना रामनगर जनपद वाराणसी ।

*विवरण बरामदगी—*

1. चोरी की सम्पूर्ण धनराशि 02 लाख 62 हजार रुपये बरामद ।

2. एक अदद चाँदी की सिल्ली वजन करीब- 1170 ग्राम , एक अदद चाँदी का कडा का वजन करीब 235 ग्राम।

3.पीली धातु के इस्तेमाली 13 अदद लाकेट छोटा बडा, एक अदद अंगूठी, एक जोडा जे टप्स, एक जोडा झाला, एक अदद कनफूल, एक जोडी बाली, दो अदद नथुनी बरामद।

*गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम—*

प्रभारी निरीक्षक अदलहाट- अजय कुमार सेठ मय पुलिस टीम थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर।




*******